एक नजर में

प्रत्येक मूंग खरीदी केंद्र पर पुलिस अमला तैनात

शोभापुर, मूंग खरीदी के साथ-साथ किसान और प्रशासन की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही थी । जिसके चलते कलेक्टर महोदय द्वारा दिनांक 30/07/2025 को बी.सी. पर दिये गये निर्देशों के परिपालन में अनुभाग सोहागपुर अंतर्गत निम्न दर्शित तालिका के मूंग / उडद खरीदी केन्द्रों पर खरीदी के समय कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अधिकारियों / कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई । जिसमें गणेश वेयर हाउस शोभापुर सेवा सहकारी समिति ठीकरी ,एवं शिवशक्ति वेयर हाउस माछा सेवा समिति माछा रामकिशारे झरबडे, तहसीलदार तहसील सोहागपुर ,विशाल वेयर हाउस रानीपिपरिया सेवा सहकारी समिति रानी पिपरिया नीरू जैन नायब तहसीलदार सोहागपुर ,नन्हू महाराज लॉजिस्टिक झिरमटा/ सेवा सहकारी समिति नवलगांव रंजीत सिंह चौहान नायब तहसीलदार सोहागपुर, कृषि उपज मंडी प्रांगण सेमरी हरचंद सुनील बड़े, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, सोहागपुर, वैष्णवी वेयर हाउस बरवानी सेवा सहकारी समिति नवलगांव , नर्मदा वेयर हाउस अकोला सेवा सहकारी समिति खिडिया अमित साहू कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सोहागपुर , प्रशासन के इस कदम से माना जा रहा है कि काफी हद तक मूंग खरीदी का काम हो पाएगा ।

खाद के टोकन नहीं मिलने से किसानों ने लगाया जाम

किसानों के हाथ की उंगली पर काली स्याही का लगाया निशान, एसडीएम, टीआई सहित पुलिस बल पहुंचा

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 01 अगस्त 2025, सिवनी मालवा में खाद नहीं मिलने से प्रतिदिन किसान परेशान हो रहे है। बानापुरा मंडी प्रांगण में खाद के टोकन नहीं मिलने से परेशान किसानों का गुस्सा फूटा और नर्मदापुरम हरदा मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। सैंकड़ों किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही मौके पर एसडीएम टीआई सहित पुलिस बल पहुंचा और किसानों को समझाने का प्रयास किया परन्तु किसान नहीं माने और खाद की मांग करते रहे। खाद नहीं मिलने से परेशान महिलाओं पुरुषों युवाओं की अधिकारियों से बहस होती रही। खाद के लिए किसानों का विरोध यह कोई पहली बार नहीं था इसके पहले भी कई बार विरोध प्रदर्शन किया गया परन्तु प्रशासन की लापरवाही के कारण आएदिन किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। किसानों का मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करीब एक डेढ़ घंटे तक चला। जाम से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं जिससे यातायात वाधित हुआ आमजन और वाहन चालकों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा। एम्बुलेंस भी बामुश्किल पुलिस की मदद से निकली। किसानों का आरोप था कि वह पिछले कई दिनों से खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। सैंकड़ों किसान सुबह से खाद के टोकन की लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं। एसडीएम ने किसानों को टोकन देने के लिए लाईन लगवाने का कहा और इस कार्य में कर्मचारियों को लगाया। कर्मचारियों ने किसानों के नाम लिखकर उनके हाथ की उंगली पर काली सियाही का निशान लगाया। इसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। किसान अशोक पटेल ने बताया कि सभी किसानों ने धान और मक्का लगाया हुआ है। धान की फसल में यूरिया की सख्त जरूरत है। अगर खाद नहीं मिली तो उनके उत्पादन में कमी आएगी।

आर्या वेयर हाउस में नहीं रुक रहा अमानक मूंग खरीदी का खेल
40 से अधिक बारदानों में रखी कचरा मिली दाल

इटारसी। शासकीय मूल्य में हो रही मूंग खरीदी में घटिया स्तर की तुलाई का काम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जहां प्रशासन ने कार्यवाही की और पंचनामा बनाया उन खरीदी केंद्रों में भी धड़ल्ले से अमानक मूंग की तुलाई चल रही है। शुक्रवार को आर्या वेयरहाउस तिंसरी में 40 से अधिक वारदानों में कचरा मिली मूंग दाल रखी मिली। इस संबंध में समिति प्रबंधक हेमराज पटेल कोई स्पष्ट जबाव नहीं दे सके। बताया जा रहा है कि यह वही वारदाने है, जिनको तहसीलदार अंजू लोधी ने निरीक्षण के दौरान 154 बोरियों में अमानक मूंग पकड़ी थी, और छन्ना लगने के बाद तुलने की बात कही थी। मूंग छानने के बाद बची मूंग कतरन, दाल एवं कचरे का मिश्रण ठिकाने लगाने के लिए रखी गई थी।

गणपति वेयर हाउस में सड़ी – गली मूंग के स्टॉक– गणपति वेयर हाउस चांदोन में भी बड़ी मात्रा में अमानक और सड़ी गली मूंग को खरीदकर स्टेक में लगाया गया है। अगर प्रशासन जांच करे तो हजारों क्विंटल अमानक स्तर की मूंग गणपति वेयर हाउस में मिलेगी। यहां पर पूर्व में ही बड़ी मात्रा में खास लोगों की अमानक मूंग के स्टेक लगा दिए गए हैं अब खरीदी बंद होने के बाद उनकी तौल पर्ची बनाई जा रही है।

जाम लगवाकर बेचते हैं अमानक मूंग – अमानक मूंग बेचने के लिए भी मिलीभगत का काम जोरो पर है। इसमें एक नायब तरीका ईजाद किया गया है, जिसमें वेयरहाउस में पहुंच मार्ग पर जमा लगाया जाता है। ट्रैक्टर- ट्रॉली को रास्ते में फंसा दिया जाता है। जिससे रास्ते के दोनों तरफ जाम लग जाता है। इस वजह से जांच टीम और मीडिया आसानी से खरीदी केंद्रों पर नहीं पहुंच पाते हैं। जाम का फायदा उठाकर अमानक मूंग की तुलाई का खेल चलता रहता है।

इनका कहना –

आर्या वेयरहाउस और गणपति वेयरहाउस दोनों की कल अधिकारी भेज कर जांच करवा लेते है। **अनीशा श्रीवास्तव, एसडीएम**

भाजपा नेता को समझाइश देना पड़ा महंगा

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 01 अगस्त 2025 नर्मदापुरम शहर के शासकीय होम साइंस गर्ल्स कॉलेज गेट पर भाजपा नेता और अभाविप के पूर्व संगठन मंत्री नागेंद्र तिवारी पर दो युवकों ने चाकू से हमला किया। हमले में भाजपा नेता तिवारी के हाथ में चोट लगी। जिससे तेजी से खून बहने लगा। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 2.30 बजे है। जिसके बाद लोगों की भीड़ लग गई। हमला करने वाला एक युवक मौके से भाग गया। दूसरे युवक को लोगों ने पकड़ लिया और उसकी धुनाई लगा दी। पूरा घटनाक्रम जिस जगह हुआ। वहां कॉलेज का सीसीटीवी कैमरा लगा है। हालांकि फुटेज फिलहाल नहीं मिल पाएं है। विवाद की वजह गर्ल्स कॉलेज गेट के पास परिसर में अंदर खड़े दो युवक और एक छात्रा को समझाइश देकर बाहर जाने को लेकर हुआ। घटना की जानकारी लगते ही घायल तिवारी का हाल जानने भाजपा जिला कोषाध्यक्ष लोकेश तिवारी, भाजपा नेता पीयूष शर्मा, भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक अखिलेश खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, अध्यक्ष रुपेश राजपूत समेत अन्य पहुंचे। घायल नागेंद्र तिवारी अभाविप के पूर्व संगठन मंत्री और कॉलेज के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भी रहे है।

कोतवाली थाना पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है। दूसरे की तलाश कर रहे है। घायल का बयान लेने एसआई महेश जाट पहुंचे है। सूत्रों के मुताबिक हमला करने वाले एक युवक के पिता शराब का अवैध व्यापार करते है। कॉलेज गेट के अंदर परिसर में भाजपा नेता पर चाकू से हमला हुआ है। इसी जगह पर सीसीटीवी कैमरा भी लगा है। जब भाजपा नेता फुटेज देखने पहुंचे तो जानकारी मिली कि बिजली न होने से विवाद कैमरे में कैद नहीं हो पाया।

सत्यनारायण मंदिर में 109वां स्थापना दिवस मनाया

नवभारत न्यूज

खिरकिया, 01 अगस्त नगर के प्राचीन मंदिरों में शुमार प्राचीन धरोहर सत्यनारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 108 वर्ष पूर्ण होकर यह मंदिर स्थापना के 109 वें वर्ष मे प्रवेश कर चुका हे । ऐतिहासिक महत्व के सत्यनारायण मंदिर को 1 अगस्त को अपनी स्थापना के एक सो आठ वर्ष पूरा करने पर विशेष रूप से फूलों से सजाया गया ।अल सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा पूजन, अभिषेक , के साथ दोपहर ठीक बारह बजे महाआरती का आयोजन हुआ इसके पश्चात महा प्रसादी गोष्ठी का वितरण हुआ। दिनेश अग्रवाल ने बताया विगत 10 दशको से अधिक समय से यह मंदिर नागरिको की आस्था व



श्रृद्धा का केंद्र बना हुआ है। मंदिर के पुजारी पं. देवेन्द्र मोहन शर्मा ने बताया कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संवत 1974 श्रावण सुदी 8 वीं शुक्रवार को सन 1917 मे हुई थी। इस वर्ष जब वर्षगांठ आई तो भी शुक्रवार ही आ रहा है लंबे अंतराल के बाद एसा योग बना है नगर के बड़े बुजर्गो ने बताया की मंदिर का निर्माण प्रारंभ मे बाहेती(माहेश्वरी)परिवार द्वारा कराया गया था। तब भगवान की प्रतिष्ठा आरती भवानीराम शर्मा द्वारा की गई और प्राण प्रतिष्ठा के बाद से उनके वंशज ही मंदिर की देख रेख और पूजा अर्चना कर रहे है।

वर्ल्ड टाईगर डे पर ड्रॉइंग प्रतियोगिता आयोजित

इटारसी. वर्ल्ड टाइगर डे के अवसर पर लायंस क्लब समर्पण द्वारा जीनियस प्लेनेट स्कूल में कक्षा छठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सेव टाइगर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में 82 विद्यार्थियों ने भाग लियाद्य जिन्होंने एक से बढ़कर एक ड्राइंग बनाई थी जो संदेश दे रही थी टाइगर को हमें बचाना है, जंगल को सुरक्षित रखना है, जिससे टाइगर भी सुरक्षित रहेंगेद्य कई संदेश पूर्ण ड्राइंग बहुत ही मनमोहक बनाई गई. उक्त सभी ड्राइंग्स में से प्रथम, द्वितीय, तृतीय निकालना अति कठिन कार्य था.प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया.

इंकम है कम, पेट भरें कि बिजली का बिल

नवभारत न्यूज

इटारसी, 01 अगस्त स्मार्ट मीटर की खूबियां बताने आज ग्राम पंचायत सोनासांवरी पहुंचे बिजली अधिकारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने यह कहते हुए विरोध किया कि अधिकारी केवल स्मार्ट मीटर की खूबियां बताने तक सीमित रहे, हमारी समस्याओं को किसी ने नहीं सुना।

जिन लोगों के अधिक बिल आ रहे हैं, वे अपनी समस्या लेकर पहुंचे, लेकिन अधिकारियों ने सिरे से खारिज कर दिया, इसलिए ग्रामीणों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया और उन्होंने आमसभा का बहिष्कार कर दिया। ग्राम पंचायत भवन से जब बिजली विभाग की टीम तहसीलदान शक्ति सिंह तोमर

के साथ निकली तो ग्रामीणों ने उनके वाहन को घेर लिया और रोड जाम करके नारेबाजी शुरु कर दी। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना पर पुलिस पहुंची और टीआई गौरव बुंदेला ने भी ग्रामीणों को समझाने का प्रयत्न किया। ग्रामीण किसी हालत में मानने को तैयार नहीं थे, उनकी एक ही मांग थी कि स्मार्ट मीटर से बिल ज्यादा आ रहे हैं, स्मार्ट मीटर निकाले जाएं। ग्रामीणों में महिलाओं की संख्या अधिक थी, उनको महिला पुलिस के माध्यम से कंट्रोल किया।

अर्थव्यवस्था पर पीजी कालेज में हुई कार्यशाला

पिपरिया शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में विकसित भारत के लिये मानव पूंजी विषय पर महाविद्यालय स्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला आयोजन अवसर पर ज्ञान आधारित अर्थ व्यवस्था में उच्चशिक्षा की भूमिका मुख्य विषय रहा ।विषय के संबंध में उच्चशिक्षा में नीतिगत अंतर और चुनौतियां, संभावनायें, समाधान एवं श्रेष्ठ प्रथाओं पर विशेष रूप से जोड दिया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.राजीव माहेश्वरी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूल स्वरूप पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताया ।आईक्यूएसई प्रभारी डॉ.अनिता सेन ने मुख्य बिंदुओ को विस्तृत रूप से सांझा किया।

श्री राजपूत शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए

माखननगर शा हाई स्कूल सांगा खेड़ा खुर्द के वरिष्ठ शिक्षक श्री संतोष सिंह राजपूत ने अपनी शासकीय सेवा की अर्धवार्षिक आयु पूर्ण कर शासकीय सेवा से सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत्ति के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन ग्राम के वरिष्ठ समाजसेवी श्री रमेश कुमार जी पालीवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जन शिक्षा केंद्र लाल के शिक्षकों के द्वारा उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई कार्यक्रम में श्री कैलाश पाली वाल श्री महेश पालीवाल नवल किशोर पालीवाल वरिष्ठ शिक्षक रामचरण आदि उपस्थित रहे.

जिले को मिले 2 शव वाहन, नपा उपाध्यक्ष ने दिखाई हरी झण्डी

नवभारत न्यूज

हरदा, 01 अगस्त शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय अस्पतालों में रोगी एवं दुर्घटना पीड़ितों की इलाज के दौरान मृत्यु होने पर मृतक को उनके निवास स्थल अथवा श्मशान घाट तक नि:शुल्क परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा हरदा जिले को 2 शव वाहन उपलब्ध कराये गये है। शुक्रवार को नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने हरी झण्डी दिखाकर शव वाहन को जिला चिकित्सालय से रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. गंभीर पटेल

सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि इन शव वाहनों का संचालन केवल जिले की सीमा के अंदर किया जायेगा। इन वाहनों का उपयोग शासकीय चिकित्सा संस्थानों में हुई मृत्यु के प्रकरणों में किया जाएगा। उन्होने बताया कि मृतक के परिवहन के लिये संबंधित शासकीय स्वास्थ्य संस्था का मृत्यु प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। शव वाहन जिला अस्पताल में तैनात रहेंगे एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की निगरानी एवं नियंत्रण में कार्य करेंगे।

माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा झूला उत्सव मनाया

खिरकिया । माहेश्वरी समाज महिला मंडल द्वारा झूले के रसिया भगवान श्री कृष्ण को अतिप्रिय सावन माह में झूला उत्सव मनाया माहेश्वरी समाज की मीडिया प्रभारी पूजा मालू ने बताया कि माहेश्वरी समाज की सभी महिला ने ठाकुर जी को झूले के भजन सुना झूला झुलाया सावन माह में प्रकृति हरि भरी रहती हे वैसे ही हरियाली कर फूल हरि पत्तियो से भगवान का झूला सजाया महिला मंडल अध्यक्ष मधु तापड़िया ने बताया की इस दोरान सभी महिला ने हरी साड़ी पहन रखी थी , भजनों कि बाद भगवान की आरती कर गोष्ठी प्रसादी का वितरण किया .

कैमिकलयुक्त फल, सब्जी बेच रहे मनमाने दाम पर

नवभारत न्यूज

हंडिया 01, अगस्त नगर में इन दिनों सब्जियों में कुछ सब्जी विक्रेता अधिक मुनाफा लेने के चक्कर में आम नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है. बताया जाता है कि सब्जियों व फलों को ताजा,फैश करने के चक्कर में कैमिकल में डुबकर सब्जियों एवं फलों को मानमाने दामों में विक्रय कर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। खाद्यय विभाग मिलावट खोरी करने बालों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है, जिससे आम उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है. हाल ही में खाद्य अधिकारी द्वारा हंडिया तहसील क्षेत्र में किराना दुकान, व अन्य दुकानों की जॉच कर सैम्पल लिए

गए लेकिन अब सबाल यह उठता है कि फल- एवं की जॉच क्यों नहीं की जाती है! यहाँ खुलेआम लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. वही दूसरी तरफ जिम्मेदार अपनी- जिम्मेदारी से दूर भाग रहे हैं. हंडिया -तहसील में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी द्वारा भ्रमण कर यह जानने की कोशिश भी कभी नहीं कि गई की मॉस, मछली, अण्डे,सडे--गले फल खुलेआम बिक रहे हैं!और जिम्मेदार कुंभकरण की नींद में अभी भी सोये हुए है।

वरिष्ठ एवं नवीन अधिवक्ताओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

हरदा, 01 अगस्त जिला अधिवक्ता संघ प्रकोष्ठ हरदा में अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के सौजन्य से शुक्रवार को एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रकुमार वालेजा, संभागीय सचिव भोपाल छगनलाल गौर, जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी, संभागीय अध्यक्ष क्रांति कुमार जैसानी एवं जिला अधिवक्ता संघ हरदा के अध्यक्ष संजय जी शांडिल्य की प्रमुख उपस्थिति रही। समारोह के दौरान हरदा जिला बार संघ में पंजीकृत वरिष्ठ अधिवक्ताओं को साफा, अधिवक्ता संघ का दुपट्टा पहनाकर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही वर्ष 2023 से 2025 के मध्य पंजीकृत लगभग 40 नवीन अधिवक्ताओं को एडवोकेट बैंड पहनाकर एवं मोमेंटो प्रदान कर आत्मीयता के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष क्रांति कुमार जैसानी द्वारा सभी सम्मानित अधिवक्ताओं को रुपट्टा पहनाकर उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संघ सदस्य संदीप कुमार स्वामी को उनके मंच के प्रति समर्पण, लगन और सक्रियता को देखते हुए प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया गया। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने कार्य करते रहने की आशा व्यक्त की।

ट्रकों से लगातार हो रहीं बेटरियां चोरी

पिपरिया बेटरियों की चोरी होने पर ट्रक मालिक परेशान है ।मंगलवारा थाने में मनोज कुमार जैन व रामनारायण रघुवंशी ने बताया कि हम ट्रांसपोर्ट का काम करते है हमारे चालक 30 जुलाई को रात्रि में ट्रक क्रं.एमपी 09एचजी 7509 व एमपी 09केबी 3371 कृषि उपजमंडी परिसर हथवांस में खडा कर अपने घर चले गये थे जब हमने सुबह आकर देखा तो ट्रक से बेटरी चोरी हो गई.

नकली खाद, दवाई व बीज के कारण फसलें हो रहीं खराब

नवभारत न्यूज

इटारसी, 01 अगस्त इस वर्ष नकली खाद, दवाई व बीज के कारण अनेक किसानों की खरीफ सोयाबीन व अन्य फसलें बुरी तरह खराब होने की खबरें आ रही है, ऐसे किसानों को कृषि विभाग में शिकायत कर उनके द्वारा उपयोग की गई नकली खाद, दवाई या बीज को जब्त करवाना चाहिए तथा शासन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से उनकी जांच करानी चाहिए। एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि बहुत से किसान स्थानीय दुकानदारों से खाद, बीज व दवाई लेते समय अपने दुकानदार से बिल नहीं लेते तथा कई बार दुकानदार किसानों को दिये जाने वाले बिलों पर क्रेता व विक्रेता के स्थान पर हस्ताक्षर किये बिना ही किसानों को बिल दे देते हैं। ऐसे पीड़ित किसानों को अपनी उपयोग की गई दवाई का अवशेष भाग कृषि विभाग के अधिकारियों को जब्त करवाकर पैकिंग (कवर) को भी जब्त कराना चाहिए। किसानों को अपनी खराब हुई फसल में स्वयं खड़े होकर फोटो भी सुरक्षित रखना चाहिए तथा नष्ट हुई फसल का निरीक्षण करने कोई भी अधिकारी आता है, उसकी खेत में फसल का निरीक्षण करते हुए फोटो लेना चाहिए तथा स्थल पंचनामा पर कृषि विस्तार अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव/ सरपंच व ग्रामीणों के हस्ताक्षर सहित पंचनामा की एक कॉपी अपने पास भी रखना चाहिए।

सर्विस मार्ग नहीं होने से क्षेत्र वासियों को परेशानी

हंडिया केन्द्रीय परिवहन विभाग जहां नेशनल हाईवे मार्गों के निर्माण को लेकर करोड़ों रुपये की राशि हाइवे बनाने में खर्च कर रहा है ।वही दूसरी तरफ हण्डिया के निकट नेशनल हाईवे पर सर्विस मार्ग नहीं बनाये गए हैं। जिससे क्षेत्र वासियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है,खासकर रात्रि के समय कोई महिला यात्री अकेली हंडिया आती है तो उसे 4 किलो मीटर दूर बायपास पर यात्री बसों से उतार कर चले जाते हैं। खासी परेशानी झेलनी पड़ती है। जबकि नेशनल हाईवे पर बिजली के खम्बे तो लगाये गये हैं। मगर वह भी शौपीस बने हुए हैं। हंडिया एक धार्मिक नगरी होने के साथ साथ नर्मदा तीर्थ स्थल भी है जहाँ तीज त्यौहारों अमावस्या, पूर्णिमा जैसे पर्वों पर हजारों की स ?ख्या में नर्मदा स्नान के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम आता है।

ऐसे में यदि किसी के साथ कोई हादसा घटित हो जाए तो इसका जवाब दार कौन रहेगा. उधर ग्रामीण जनों का कहना है कि हाइवे अथॉरिटी को चाहिए की हंडिया बमोरी मार्ग के पास सर्विस मार्ग बनाया जाए।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इटारसी, जिला – नर्मदापुरम

क्रं /4115/अविअ/रीडर-1/2025 . इटारसी दिनांक 24/7/25
राजस्व प्रकरण क्रं -0019/अपील/2025-26
//विज्ञप्ति//

इस न्यायालय में प्रचलित राजस्व प्रकरण क्रं -0019/अपील/2025-26 में अपीलार्थीगण रामकृष्ण उइके वल्द श्री सुक्का एवं अन्य 01 निवासी ग्राम बिछुआ तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम द्वारा म0प्र0भू0रा0 संहिता 1959 की धारा 44(1) के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त अपील प्रकरण में अपीलार्थीगण द्वारा दिए गए पते पर उत्तरवादीगण क्रमश : नर्मदाप्रसाद उइके वल्द स्वर्गीय छोटेलाल निवासी ग्राम बोधीकला तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम, नर्मदीबाई पुत्री स्वर्गीय छोटेलाल ग्राम बटकुई तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम, कृष्णाबाई पुत्री छोटेलाल निवासी ग्राम बोधीकला तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम के पते पर रजिस्टर्ड सूचना पत्र जारी किया जाकर न्यायालय में आहूत किया गया । उत्तरवादीगण क्रमश : नर्मदाप्रसाद उइके वल्द स्वर्गीय छोटेलाल निवासी ग्राम बोधीकला तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम, नर्मदीबाई पुत्री स्वर्गीय छोटेलाल ग्राम बटकुई तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम, कृष्णाबाई पुत्री छोटेलाल निवासी ग्राम बोधीकला तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम (म0प्र0) नही मिल पाने के कारण सूचना पत्र संबंधित उत्तरवादीगण को तामीली नही हो पा रहे है। अत : अपीलार्थीगण पक्ष के उपरोक्त दर्शित आवेदन पत्र पर दर्शित उत्तरवादीगण एवं अन्य किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति आगामी पेशी दिनांक 04/08/2025 को स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाली सभी आपत्ति अमान्य की जायेगी। पेपर विज्ञप्ति आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इटारसी

स्थायी आवासीय पट्टों के नवीनीकरण को समाप्त किया जाए

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 01 अगस्त मध्य प्रदेश में नजूल विभाग के द्वारा स्थाई 30 वर्ष की आवासीय पट्टे के नवीनीकरण की जटिलताओं के कारण जनता को हो रही परेशानियों के संबंध में श्री प्रशांत हर्णे अधिवक्ता द्वारा समस्त स्थाई आवासीय पट्टाधारी नागरिकों के हस्ताक्षर युक्त दो ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति महोदय एवं महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम नर्मदा पुरम कलेक्टर महोदय को व्यक्तिगत रूप से देते हुए शासन से

मांग की गई है कि स्थाई आवासी पट्टो की नवीनीकरण की प्रथा समाप्त की जावे अथवा सरल की जावे वर्तमान प्रक्रिया में जनता परेशान है और कार्यालय के चक्कर लगाकर तंग आ चुकी है इसलिए इसे बदलने के लिए पीड़ित जनता की ओर से ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है। ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वालों में पूर्व शासकीय अधिवक्ता श्री के के थापक, पूर्व शासकीय अधिवक्ता श्री के के जराठे ,वरिष्ठ अधिवक्ता श्री एस एस ठाकुर , श्री प्रशांत तिवारी अधिवक्ता एवं शहर के सैकड़ों अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा हस्ताक्षर किए गए